an>

Title: Need to take steps to check the flood and soil erosion caused by rivers Ganga and Ghagra in Balia Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र बलिया जनपद में गंगा और घाघरा से घिरा इलाका है। यहां लोक नायक जय प्रकाश जी की जन्मभूमि सिताब देयरा है। घाघरा और गंगा के कटान से वहां की जनता पीड़ित है। घाघरा और गंगा के कटान से इबलामाबाद, नवरान, अटगांवां, गंगा के किनारे जगदीशपुर, बसौला, गडरिया, नरनरा और गाजीपुर, घाघरा के किनारे दत्ताह और तिरापुर गांव पीड़ित हैं। पिछले साल आपकी कृपा से कटान रोधी काम कराया गया था लेकिन यह काम अधूरा है। इबलामाबाद, नवरान माननीय मंत्री राजीव प्रताप जी के संसदीय क्षेत्र से सटा हुआ है, यहां काम अधूरा है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं कि इस तरफ ध्यान दे और जो काम अधूरा है, नाबार्ड से वित्त पोÂिषत कराकर पूरा कराएं ताकि यह काम बाढ़ आने से पहले पूरा हो जाए और इन गांवों की रक्षा हो सके।

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सी.पी. जोशी, श्री सुधीर गुप्ता और श्री आलोक संजर को श्री भरत सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।